1384 (2!36)
23/4/24

OFFICE OF THE REGISTRAR, LUCKNOW UNIVERSITY
कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0, पिन–226007
Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

Ref. No. : R-261-24
Date : 22/04/2024

कार्यालय–आदेश

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.) 2020 के लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक अध्यादेश के प्राविधानानुसार स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के जिन छात्र/छात्राओं का तृतीय वर्ष (छठे सेमेस्टर तक) का सी0जी0पी0ए0 7.5 या इससे अधिक है वही चतुर्थ वर्ष के सातवें सेमेस्टर में प्रवेश ले सकते है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि ऐसे सहयुक्त महाविद्यालय जिनमे परास्नातक पाठ्यक्रम/विषय संचालित है, उन्ही संदर्भित पाठ्यक्रमो/विषयो में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (N.E.P.) की अर्हतानुसार स्नातक स्तर पर चतुर्थ वर्ष (सातवें सेमेस्टर) में महाविद्यालय द्वारा प्रवेश लिया जा सकता है। अर्थात जिन महाविद्यालयों में परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम/विषय संचालित नही है उनके द्वारा चतुर्थ वर्ष (सातवें सेमेस्टर) में प्रवेश नहीं लिया जा सकता है। अन्य समस्त छात्र/छात्राऐं पूर्व की भाँति द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
4. अधिष्ठाता, अकादमिक, ल0वि0वि0।
5. उपकुलसचिव प्रवेश को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश प्रवेश समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
6. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. निदेशक आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0 को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।
8. प्रबन्धक/प्राचार्य, समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को अनुपालनार्थ।
9. गार्ड फाईल।

कुलसचिव